प्रधानमंत्री ने बिहार में परियोजनाओं का अनावरण किया

चर्चा में क्यों?

हाल ही में प्रधानमंत्री ने बिहार के पश्चिमी **चंपारण ज़िले में 12,800 करोड़ रुपए की परियोजनाओं** का अनावरण किया।

मुख्य बिंदु:

- प्रधानमंत्री ने पश्चिम चंपारण के ज़िला मुख्यालय बेतिया में **'विकसित भारत-विकसित बिहार'** नामक एक समारोह में परियोजनाओं का अनावरण किया।
- उन्होंने **आधारशिला रखी** और राष्ट्र को समर्पित किया:
  - रेल, सड़क, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस से संबंधित कई **बुनियादी ढाँचा परियोजनाएँ।**
  - पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान एवं देवरिया में **शहरी गैस वितरण परियोजना** तथा सुगौली एवं लौरिया में **अनाज आधारित इथेनॉल सुविधाएँ।**
  - पटना में दीघा-सोनेपुर रेल-सह-सड़क पुल के समानांतर गंगा नदी पर **छह-लेन केबल पुल** का निर्माण और NH-19 बाईपास के बाकरपुर हाट-मानकिपुर खंड को चार लेन का बनाना।
  - 96 किमी लंबी गोरखपुर कैंट वाल्मिकी नगर रेल लाइन का दोहरीकरण और विद्युतीकरण तथा बेतिया स्टेशन का पुनर्विकास।
- **उन्होंने उद्घाटन किया:**
  - राष्ट्रीय राजमार्ग-28A के पिपराकोठी-मोतिहारी-रक्सौल खंड को दो लेन का और NH-104 के शिविहर-सीतामढ़ी खंड को दो लेन का बनाया जाएगा।
  - 109 किलोमीटर लंबी इंडियन ऑयल की मुज़फ्फरपुर-मोतिहारी LPG पाइपलाइन जो राज्य और नेपाल में स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन तक पहुँच प्रदान करेगी।
  - मोतिहारी में **इंडियन ऑयल का LPG बॉटलिंग प्लांट और स्टोरेज टर्मिनल।**
  - बापूधाम मोतिहारी से पिपराहां तक 62 किमी लंबी लाइन और नरकटियागंज-गौनाहा खंड का आमान परिवर्तन।
- उन्होंने नरकटियागंज-गौनाहा और रक्सौल-जोगबनी सेक्शन के लिये दो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pm-unveils-projects-in-bihar